प्रेस नोट थाना जसराना दिनांक 03.09.2024 जनपद फिरोजाबाद।
थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा अपने ही बहनोई की हत्या कर शव को बम्बा में फेंकने के आरोपी अभियुक्त मुसकीन को किया गया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास की सूचना पर थाना जसराना पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 332/24 धारा 103(1) बी.एन.एस में वांछित अभियुक्त मुसकीन पुत्र सत्तार को कटैना हर्षा के पास से गिरफ्तार किया गया है। वांछित अभियुक्त हीरा की गिरफ्तारी हेतु 02 टीमें गठित कर प्रभावी दबिश दी जा रही है। गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण - दिनांक 30.08.2024 को प्रातः 08.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम प्राणपुर रोड पर बनी पुलिया के नाले में भरे पानी में एक अज्ञात पुरूष मृत अवस्था मे पडा हुआ है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मौके पर उच्चाधिकारीगण व थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुये शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेज दिया गया एवं शव की शिनाख्त हेतु 02 टीमों का गठन कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अज्ञात शव की पहचान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिसके फलस्वरूप अज्ञात शव की शिनाख्त नदीम पुत्र नसीब अली निवासी ग्राम कौड़रा थाना एका फिरोजाबाद के रूप हुई। घटना के आधार पर थाना जसराना पर मु0अ0सं0 332/24 धारा 103(1) बी.एन.एस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग में विवेचना के दौरान प्रभावी पतारसी सुरागरसी से मृतक के साले मुसकीन पुत्र सत्तार निवासी प्राणपुर थाना जसराना एवं मृतक के दोस्त हीरा पुत्र नामालूम निवासी प्राणपुर थाना जसराना का नाम प्रकाश में आया है। पूछताछ में अभियुक्त मुसकीन द्वारा बताया गया कि मृतक नदीम उपरोक्त शराब पीकर उसकी बहन से मारपीट करता था, जिस कारण मुसकीन ने हीरा के साथ मिलकर प्राणपुर रोड पर बने नाले के पानी मे डूबा कर नदीम की हत्या कर दी।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त -

1. मुसकीन पुत्र सत्तार निवासी प्राणपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

नाम पता वांछित अभियुक्त-

1.हीरा पुत्र नामालूम निवासी प्राणपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री अन्जीश कुमार सिंह थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।
2. म0प्र0उ0नि0 योगिता सिंह थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।
3. का0 574 रोहित कुण्डू थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।